AMAR UJALA ( MY CITY ), Meerut, 5.7.2025
Page No. 1, Size:(5.98)cms X (6.22)cms.

# सेफ्टी वॉल्व लगाने पर लक्ष्मी नगर में रुकी गैस की सप्लाई

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। गेल गैस कंपनी ने सुरक्षा की दृष्टि से पाइपलाइन पर कॉलोनी के बाहर सैफ्टी वॉल लगाने का काम शुरू किया तो गैस आपूर्ति प्रभावित हो गई। गैस की आपूर्ति अचानक बंद होने पर जागृति विहार क्षेत्र की लक्ष्मीनगर कॉलोनी में लोग परेशान हो गए। स्थानीय लोगों ने कहा कि न तो कंपनी ने पहले गैस की पाइपलाइन पर काम किए जाने की सूचना दी और न ही फोन उठाए। वहीं, कंपनी का दावा है कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए यह ट्रायल किया जा रहा है।

महानगर के अधिकतर हिस्सों में गेल गैस की पाइपलाइन डाली गई है। इन इलाकों में अधिकतर घरों की रसोई

## लोग बोले- पहले से सूचना न देने के कारण हुई परेशानी

पीएनजी पर ही आधारित है। शुक्रवार को लक्ष्मीनगर कालोनी की पीएनजी आपूर्ति ठप हो गई। इस संबंध में गेल कंपनी के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि रिहायशी इलाकों में गैस पाइपलाइन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए हर सोसायटी के बाहर कंट्रोल वॉल एवं एक लो प्रेशर रेगुलेटर लगाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से गैस लीक होने का खतरा कम हो सकेगा। लोग खुद ही इस वॉल को बंद करके सोसाइटी की गैस सप्लाई बंद कर सकते हैं। इस कार्य की शुरूआत शुक्रवार से ही शास्त्रीनगर इलाके से की गई है।